# भाजपा को जिताने कार्यकर्ता सेतु की तरह लग जाएं : प्रभात झा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** मिशन 2024 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जिताने के लिए कार्यकर्ता सेतु की तरह लग जाएं। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए है। भारतीय जनता पार्टी अपने विचारधारा को लेकर चुनाव भी महासागर में आ चुकी है। उक्त बात बुधवार को पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा ने किडीज कॉर्नर स्कूल, नया बाजार में आयोजित डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल तथा तेरापंथी धर्मशाला, नई सड़क पर आयोजित अटल विहारी वाजपेयी मंडल के मंडल सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं यह मात्र झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर राजनीतिक षड्यंत्र के साथ सत्ता हथियाना का प्रयास करते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर उनके विकास के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा पूरा भारत उमंग उत्साह के साथ नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजना





का लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों के बीच पहुंचकर और युवाओं महिलाओं किसानों एवं सर्व समाज के लोगों के बीच जाकर भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प लें तो निश्चित ही तीसरी बार प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता।

इस अवसर पर विधानसभा संयोजक विवेक जोशी, विधानसभा प्रभारी सुसेंद्र परिहार ने भी संबोधित किया।

डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल का मंडल सम्मेलन का स्वागत भाषण मण्डल अध्यक्ष अमित बंसल ने दिया। सम्मेलन का संचालन चुनाव प्रबंधन समिति के सह प्रभारी सुनील श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर मंच पर सभापति मनोज तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, जिला महामंत्रीगण विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, पूर्व सभापति बृजेंद्र सिंह जादौन, पूर्व सभापति गंगाराम बघेल, मंडल प्रभारी एंव जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी, राजेश दुबे, मनोज मुटाटकर, वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा के प्रभारी जयप्रकाश मिश्रा, जिला मंत्री नवीन परांडे, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे, पार्षद यामिनी परांडे आदि उपस्थित थे।

इसी क्रम में शहीद हेमू कालाणी मण्डल का मंडल सम्मेलन आराधना गार्डन, लक्ष्मीगंज पर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मंच पर लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, सभापती मनोज तोमर, महामंत्री विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, विधानसभा संयोजक विवेक जोशी, विधानसभा प्रभारी सुसेंद्र परिहार, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, मंडल प्रभारी महेंद्र सोलंकी, राकेश माहौर, पार्षद संजीव पोतनीस, मोहित जाट, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ममता भिलवार, मंडल अध्यक्ष महेंद्र श्रीवास्तव, पूर्व जीडीए अध्यक्ष रविंद्र सिंह राजपूत, संतोष गोडयाले, विधि प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक संजय सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। सम्मेलन में स्वागत भाषण मण्डल अध्यक्ष महेंद्र श्रीवास्तव ने दिया तथा सम्मेलन का संचालन जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी ने एवं आभार अशोक साहू ने व्यक्त किया।

### आप केवल मेरे कार्यकर्ता नहीं, परिवार के सदस्य हो : भारत सिंह

इस अवसर पर ग्वालियर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आपका हर सपना मेरा संकल्प है, आप केवल मेरे कार्यकर्ता नहीं आप मेरे परिवार के सदस्यगण हो और जीवन की आखिरी सांस तक आपका विकास, प्रगति, रखवाली मेरी जिम्मे रहेगी। कार्यकताओं के अथक मेहनत परिश्रम से ग्वालियर लोकसभा में कमल का फूल खिलाकर पार्टी के 400 सीट के लक्ष्य को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने मुझे प्रत्याशी आपकी जन सेवा के लिए बनाकर भेजा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके क्षेत्र के विकास में हमेशा जनता के साथ खड़ा रहूंगा। मेरे देवतुल्य कार्यकर्ता एवं जनता की जन सहयोग से तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूत करने के लिए आप सभी का सहयोग अति आवश्यक है।

### यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव : अभय चौधरी

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक काम की जिम्मेदारी केवल मंडल अध्यक्ष की नहीं है, हम सब की जिम्मेदारी है। हर कार्यकर्ता मेहनत के साथ कार्य में लगे यही मेरी आप सभी से अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी, जनहितैषी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। लोकसभा चुनाव के लिए समय कम बचा है, अब हमें अपने बूथ, शक्ति केन्द्र पर वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर चुनाव प्रबंधन कार्य में जुट जाना है।



# रेलवे महाप्रबंधक ने झांसी से सिथौली रेलखंड के मध्य विण्डो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे रविन्द्र गोयल ने बुधवार को मण्डल रेल प्रबंधक झाँसी दीपक कुमार सिन्हा के साथ झांसी से सिथौली के मध्य विण्डो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण में श्री गोयल ने तीसरी लाइन की प्रगति का जायजा लेने के साथ-साथ स्टेशनों पर संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं पर मण्डल रेल प्रबंधक के साथ चर्चा की।

यहां बता दें कि विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण एक विशेष निरीक्षण होता है जिसमे रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्टांलेशनो जैसे सिगनल, ओएचई, प्लेटफॉर्म इत्यादि का चलती हुई गाड़ी में लगे निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान श्री गोयल ने मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों की सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं, पटरी के आसपास स्क्रैप की स्थिति, राइडिंग क्वालिटी विशेष तौर से प्वॉइंट एवं क्रॉसिंग पर ट्रैक ज्योमेट्री इंडेक्स में सुधार, ओएचई की स्थिति को देखा। झांसी- सिथौली रेलखंड के निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा तीसरी लाइन का कार्य देखा तथा समीक्षा की। सिथौली उतरकर महाप्रबंधक ने रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली का सघन निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान महाप्रबन्धक ने कारखाने में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। जिसमें इनकमिंग रॉ मटीरियल, ऐण्ड टेपरिंग, बार हीटिंग, कॉयलिंग, क्वेंचिंग, टेम्परिंग, हॉट स्क्रेगिंग, ऐण्ड ग्राइण्डिंग, शॉट पीनिंग, कॉइल क्रैक टेस्टिंग, फॉस्फेटिंग, पेण्टिंग, लोड टेस्टिंग व पैकिंग की प्रक्रिया को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारखाना से सम्बन्धित आवश्यकताओं को तुरन्त मुहैया कराने के भी निर्देश दिये।

# कार पलटने से एक की मौत, एक दर्जन घायल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** दर्शन कर वापस घर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक किशोर की मौत हो गई और करीब एक दर्जन

### बागेश्वर धाम पर होली मनाकर वापस लौट रहे थे

के लगभग यात्री घायल हो गए। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के झांसी हाइवे स्थित बालाजी ढाबा के पास आज बुधवार की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकला। हादसे में एक किशोर की मौत हो गई। जबकि करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराकर मृतक का शव पीएम हाउस भेज दिया है।

भिण्ड निवासी तीन परिवार दो दिन पहले बागेश्वर धाम पर होली मनाने के लिए गए थे। कार से तीनों परिवार वापस आ रहे थे और अभी वह महाराजपुरा थाना क्षेत्र स्थित झांसी वायपास पर बालाजी ढाबा के पास पहुंचे ही थे कि तभी अचानक कार अनियंत्रित हो गई और पहले डिवाइडर से टकराई, चालक ने कार को नियंत्रण करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका और कार सड़क किनारे गड्ढ़े में जाकर पलट गई। कार के पलटते ही उसमें सवार यात्रि फंस





कर रह गए, क्योंकि कार के पहिए ऊपर थे और छत नीचे थी, जिससे उसमें सवार यात्रि भी उल्टे हो गए थे और पैर फंसने के कारण निकलने में असमर्थ थे। उनकी चींख सुनकर वहां से गुजर रहे वाहन चालक रूके और बचाव में जुट गए, लेकिन कार उल्टी होने के कारण घायलों को निकालने में असमर्थ रहे तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और बचाव में जुट गए। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला। हादसे में कार सवार अशोक श्रीवास, दिनेश सिंह तोमर, मीना तोमर, रीना शर्मा, किशन स्वरूप शर्मा, प्रवीण शर्मा, ऋषिकेश शर्मा, जय प्रकाश श्रीवास तथा दो अन्य घायल हुए। वहीं कार में सवार हर्षित 14 साल की मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंसों की मदद से उपचार के लिए भिजवाकर मृतक का शव पीएम हाउस पहुंचा दिया है।



# स्वच्छता के रंगों से हुआ सफाई मित्रों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** होली के अवसर पर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देने और सफाई मित्रो का हौसला बढ़ाने के लिए शहरवासियों ने माधोगंज थाने के पास, मुरार में सदर बाजार आदि स्थानों पर स्वच्छता के 5 रंगो से इक दूजे को गुलाल लगाया। इसके साथ ही सफाई मित्रों का भी सम्मान किया गया।

अपर आयुक्त श्री विजय राज ने बताया कि शहर में इस वर्ष पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए गाय के गोबर से बने उपलों की होली जलाई गई। इसके साथ ही सफाई मित्रों का भी सम्मान आम नागरिकों द्वारा किया गया। शहर में सफाई का संदेश देने के लिए होलिका दहन स्थलों पर स्वच्छता के 5 रंगों से गुलाल लगाया गया। सफाई मित्रों का सम्मान समारोह ग्वालियर पूर्व विधानसभा में मुरार सदर बाजार एवं दक्षिण विधानसभा में माधोगंज थाने के पास आमजनों द्वारा आयोजित किया गया।

आमजनों ने सफाई मित्रो को माला पहना कर सम्मानित किया, साथ ही सभी ने मिलकर सफाई मित्रो को गुलाल लगाया और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। सभी आम नागरिकों ने इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ भी ली।

# आईएफएस नरेश सिंह यादव को सामाजिक वानिकी वन संरक्षक की कमान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** मध्य प्रदेश शासन वन विभाग भोपाल ने नरेश सिंह यादव भारतीय वन सेवा संयुक्त संचालक कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मंडला को सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर का जिम्मा सोपा गया है श्री नरेश यादव द्वारा आज दिनांक 27 मार्च 2024 को वृत्त के प्रभारी अधिकारी एसपी शाक्य एवं वृत्त की समस्त इकाइयों के वन विस्तार अधिकारियों, कार्यालयीन कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रभात लिया गया अभी टी.एस. सुलिया मुख्य वन संरक्षक क्षेत्रीय सामाजिक वानिकी के अतिरिक्त प्रभार में थे। विगत 6-7 वर्षों से सामाजिक वानिकी व्रत में कोई



अधिकारी स्थाई रूप से पदस्थ नहीं था।

आईएफएस नरेश यादव के बारे में बताया गया है कि वह 2006 से 2009 तक ग्वालियर तपोवन अनुसंधान में रह चुके हैं जबकि वर्ष 2009 से2012 तक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में प्रतिनियुक्ति पर रह चुके हैं। नरेश यादव द्वारा वर्ष 2012 में एम.टेक आईआईटी रुड़की से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया गया। नरेश यादव द्वारा पर्यावरण प्रबंधन तकनीकी वानिकी, सिविल इंजीनियरिंग, शैक्षणिक क्षेत्र में कई बार विशेष उपलब्धियां एवं पुरस्कार प्राप्त किए है। आप अच्छे खिलाड़ी (मैराथन दौड़), लेखक एवं प्रवक्ता के रूप में भी विशेष रूचि रखते हैं। सामाजिक वानिकी व्रत ग्वालियर के स्वतंत्र प्रभार पर उन्हें वृत्त के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# लिखित अनुमति के बिना निजी सम्पत्ति को विरूपित करना संज्ञेय अपराध

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान निजी अर्थात अशासकीय परिसम्पत्ति को भी भवन स्वामी की अनुमति के बिना स्याही, खड़िया रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या

### आदेश के उल्लंघन पर एक हजार रूपये का लगेगा जुर्माना और अधिनियम के तहत अन्य कार्रवाई भी होगी

चिन्हित करके विरूपित करना संज्ञेय एवं दण्डनीय अपराध होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि निजी सम्पत्ति पर भी भवन स्वामी की अनुमति के बगैर कुछ लिखा जाता है या झण्डे बैनर इत्यादि लगाए जाते हैं तो ऐसा करने वाले के खिलाफ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि जो कोई भी व्यक्ति या राजनैतिक दल या उम्मीदवार शासकीय भवन या कोई भी सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुमति के बिना सम्पत्ति का विरूपण करेगा तो उसके खिलाफ एक हजार रूपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। सम्पत्ति के अन्तर्गत भवन, झोंपड़ी, संरचना, दीवार, वृक्ष, खम्बा (पोस्ट) स्तम्भ या कोई अन्य परिनिर्माण शामिल होगा।

### नगर निगम से भी लेनी होगी एनओसी

चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी भवन स्वामी की लिखित सहमति के बाद झण्डे, पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन व फ्लैक्स बोर्ड लगा सकेंगे। पर नगर निगम द्वारा एनओसी जारी करने के लिये ली गई राशि की रसीद, भवन स्वामी द्वारा लिए जाने वाले किराए की रसीद तथा बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स बोर्ड व लिखावट इत्यादि पर किए गए खर्च की रसीद इत्यादि सहित इस पर हुए खर्च का सम्पूर्ण ब्यौरा निर्धारित प्रोफार्मा में संबंधित प्रत्याशी को तीन दिन के भीतर रिटर्निंग ऑफीसर के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि झण्डे, बैनर, पोस्टर, फ्लैस बोर्ड पर कोई ऐसी लिखावट अथवा चित्र प्रदर्शित नहीं होना चाहिए जिससे विभिन्न समुदायों में असंतोष उत्पन्न होता हो और शांति भंग होने की संभावना हो।

### शासकीय सम्पत्ति को मूलरूप में लाने के लिये दल गठित

जिले की सीमा के अंतर्गत पूर्व में विरूपित शासकीय सम्पत्ति को पुन: मूल स्वरूप में लाने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दल गठित किए गए हैं। नगर निगम ग्वालियर एवं राजस्व अनुविभाग ग्वालियर व डबरा के लिये क्षेत्रीय अनुविभागीय दण्डाधिकारी, नगर पुलिस अधीक्षक, बीएसएनएल के एसडीओ, विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री, नगर निगम व नगर पालिका के क्षेत्रीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री व जनपद पंचायत के सीईओ को इस दल में शामिल किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में संपत्ति को मूल स्वरूप में लाने पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति पंचायत सचिव द्वारा मूलभूत योजना की राशि से की जा सकेगी। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण निवारण का मूल दायित्व संबंधित थाना प्रभारी, पटवारी व पंचायत सचिव का होगा।



# विभिन्न स्थानों पर यातायात में बाधक हाथ ठेलों को हटाया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र चौहान ने बताया कि निगमायुक्त हर्ष सिंह के निर्देशानुसार अधीक्षण यंत्री डॉ. अतिबल सिंह यादव के निर्देशन में पिन्टो पार्क पुलिस चौकी से पिन्टो पार्क तिराहा गोलम्बर तक मुख्य मार्गो के दोनो ओर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलो एव अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया।

# बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं से घर-घर जाकर वोट डलवाने के लिये मतदान दल हुए तैयार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** घर पर वोट डलवाने के दौरान घोषणा पत्र भरवाने में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की मदद करें। साथ ही घोषणा को सत्यापित करते समय हस्ताक्षर के साथ अपना नाम, पदनाम एवं कार्यालय का नाम स्पष्ट रूप से लिखें, जिससे डाक

### जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 7249 और 12004 दिव्यांग मतदाता

मत पत्र निरस्त न हों। इस आशय के निर्देश अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने डाक मत पत्र डलवाने की प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के दौरान दिए।

बुधवार को यहाँ जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में आयोजित हुए प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों को बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं से उनके घर पर ही वोट डलवाने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। ज्ञात हो भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार के लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगों को घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। जो बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता निर्धारित प्रपत्र (12डी) में घर पर ही वोट डालने के लिये अपनी सहमति देंगे, उन्हें यह सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

ज्ञात हो जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 7 हजार 249 मतदाता हैं। जिनमें 2 हजार 942 पुरूष, 4 हजार 305 महिला व 2 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले में 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं की संख्या 12 हजार 4 है। जिसमें 7 हजार 65 पुरूष दिव्यांग व 4 हजार 939 महिला दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

डाक मत पत्र व ईडीसी के प्रभारी अधिकारी अशोक चौहान एवं प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर एस



बी ओझा ने डाक मत पत्र से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही कहा कि आयोग के दिशा-निर्देशानुसार अक्षरश: पालन कर घर-घर जाकर बुजुर्गों व दिव्यांगों के वोट डलवाएँ। मतों की गोपनीयता का पालन कराने में जरा सी भी ढ़िलाई न हो।

प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि एसेंसियल सर्विस में शामिल विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को भी डाक मत पत्र की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये इन्हें फॉर्म-12 भरना होगा।

ज्ञात हो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा, गृह विभाग (अग्निशमन सेवाएँ) व ऊर्जा विभाग को एसेंसियल सर्विसेज में शामल किया है। साथ ही ऐसे मीडिया प्रतिनिधि जिनके लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग के दिन मतदान प्रक्रिया कवर करने के लिये अधिकृत किया गया है, उन्हें भी डाक मत पत्र से वोट डालने की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

### कम्युनिकेशन प्लान के संबंध में भी दिया गया प्रशिक्षण

बुधवार को गालव सभागार में कम्युनिकेशन प्लान से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान निर्देश दिए गए कि कम्युनिकेशन प्लान के संबंध में हर मतदान केन्द्र क्षेत्र के टेलीफोन नम्बर का डाटा एकत्रित किया जा रहा है। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की कम्युनिकेशन प्लान में ड्यूटी लगाई गई है, वे अभी से इन फोन नम्बर पर कॉल कर नम्बर का सत्यापन करें। साथ ही यह भी पता लगाएँ कि मतदान केन्द्र पर पेयजल, शौचालय व मतदाताओं के लिये छाया की कैसी व्यवस्था है। प्रशिक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी की सीईओ एवं कम्युनिकेशन प्लान की नोडल अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर भी मौजूद रहीं। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री एस बी ओझा द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया।

### ईडीसी का प्रशिक्षण भी दिया

मतदान दलों में शामिल शासकीय सेवकों सहित चुनाव से संबंधित अन्य कार्य में संलग्न शासकीय सेवक लोकसभा चुनाव में ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) के माध्यम से अपना वोट डाल सकेंगे। ईडीसी प्राप्त करने के लिये उन्हें फॉर्म-12ए भरना होगा। बुधवार को गालव सभागार में ईडीसी के संबंध में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95